# नारी शक्ति अधिनियम से बदलेगी महिलाओं की तकदीर : बरकडे

## वार्ड क्रमांक 6 में आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण





**सिहोरा।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल से महिलाओं की तकदीर बदलेगी तथा मातृशक्ति को राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा उक्ताशय के उदगार वार्ड क्रमांक 6 में 7.80 लाख की लागत से नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन के लोकार्पण के अवसर पर विधायक संतोष बरकडे ने मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए । लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता,जिला महामंत्री राजेश दाहिया, जिला ,उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,सत्यप्रकाश खरे,वार्ड पार्षद ज्योति चक्रवर्ती,बेबी पाल,लीला बर्मन,अजय बेटू शर्मा,अंकुश नायक,प्रमोद चौधरी,गीता पटेल, सारिका साहू के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया जिसमें एक नन्ही बालिका ने फीता काटकर आंगनवाड़ी का लोकार्पण। वार्ड वासियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने आगे कहा आंगनवाड़ी केन्द्र समाज की आधारभूत इकाई है जो बच्चों के पोषण स्वास्थ्य एंव प्रारम्भिक शिक्षा के साथ साथ महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लाडली लक्ष्मी,लाडली बहना,कन्या विवाह,मातृ वंदना योजना पर भी प्रकाश डाला। संचालन उपयंत्री सब इंजीनियर नमन श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर सुनील चक्रवर्ती,मधुर दुआ, राजकुमार गुप्ता, छत्रपति ठाकुर, दिनेश गुप्ता, सुप्पी बर्मन,संदीप राही,सुग्रीव श्रीवास अशोक चौधरी,पवन यादव,दीपक तिवारी, गजेन्द्र सिंह,रिषभ द्विवेदी के साथ नगर पालिका से सब इंजीनियर गौरव चौधरी,सुशील वर्मा राजस्व निरीक्षक,सुजीत पटेल, अतुल उपाध्याय,रवि बर्मन,आनंद नामदेव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिखा विंदु बर्मन सहित अनेक वे वार्डवासी उपस्थित थे।

# स्वच्छता प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल

## कचरा प्रबंधन के लिये अनुबंध

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायत कुंडम में स्वच्छता प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिसके अंतर्गत आज घर-घर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन के लिए अनुबंध किया गया। दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक श्रीमती नंदनी मरावी, जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जहाँ बाबा साहब के संदेशों को स्वच्छता और सामाजिक संगठन से जोड़कर आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुंडम की सरपंच श्रीमती अर्चना साहू एवं सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर के प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह के मध्य कचरा संग्रहण हेतु औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। अनुविभागीय अधिकारी प्रगति गणवीर एवं जनपद सीईओ अशोक मरावी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# सांदीपनि विद्यालय में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर हुई कार्यशाला



**सिहोरा।** सांदीपनि विद्यालय में मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान भोपाल के सौजन्य से आयोजित आनंद सभा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें प्रथम दिवस दीप्ति ठाकुर ने प्रकृति एवं मनीषा खरे द्वारा अस्तित्व पर चर्चा की गई । द्वितीय सत्र में प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय और विद्यार्थियों के पालकों ने सहभागिता की।इस दौरान विद्यार्थियों व पालकों की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। समापन सत्र में समस्त शिक्षक उपस्थित थे प्राचार्य ने 6 दिन तक चली कार्यशाला में उपस्थित रहे विद्यार्थियों से उनके जीवन में आए बदलाव तथा उसकी उपयोगिता,महत्व का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है उनसे फीडबैक लिया इसके साथ ही शिक्षकों ने भी अपना फीडबैक रखा। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन सुश्री दीप्ति ठाकुर और सहायक रिसोर्स पर्सन सुनीता शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश नापित, सविता पटेल,इंदिरा सोनी, रश्मि राय,सुधा उपाध्याय,आर्या गौतम,रजनी तंतुवाय, शर्मीला राय,प्रियंका श्रीवास,संगीता काछी,राजाराम चक्रवर्ती आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला में राजेंद्र सिंह ठाकुर,घनश्याम गुप्ता,सरस्वती कोरी का योगदान रहा।

# संभागीय नोडल अधिकारी ने किया कॉलेज का निरीक्षण

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में डॉ अरुण शुक्ला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना जबलपुर संभाग का महाविद्यालय में आगमन हुआ । डॉ शुक्ला ने प्राचार्य प्रो.एम.के श्रीवास्तव के साथ महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए । आपने पूरे साल भर की कार्य योजना के बारे में लिखित जानकारी प्राप्त की एवं महाविद्यालय में हथकरघा संयंत्र लगाए जाने के लिए आवेदन मांगा जिसे महाविद्यालय द्वारा उन्हें प्रदाय किया गया । आपने वर्ष भर की जाने वाली महाविद्यालय गतिविधियों के संबंध में एवं विद्यार्थी हेतु केंपस ड्राइव,उद्यमिता एवं स्टार्ट अप पर कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का निर्देश दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.एस .के. महरोलिया,सी एल वर्मा एवं डॉक्टर श्रीकृष्ण तिवारी उपस्थित रहे।



# बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

**बरेला।** भारत रत्न सामाजिक न्याय समानता कानून रचियता संविधान के महान शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की जयंती झारिया समाज संगठन बरेला सामाजिक भवन मेला ग्राउंड में बड़े उत्साह के साथ मनाई साथ ही सामाजिक बंधुओं ने संकल्प लिया कि बाबा साहेब के सपनों भारत निर्माण और उनके विचारों शिक्षा समानता अधिकार को प्रत्येक व्यक्ति जन जन तक पहुंचाने उक्त विचार झारिया समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन झारिया ने अपने उद्बोधन में सभी के समक्ष रखे शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, उनके आदर्श हमें निरंतर प्रेरित करते हैं कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहायता पहुंचायें तत्पश्चात उमरिया से प्रारंभ बाबा साहेब की वाहन रैली का नगर प्रवेश पर जलपान करा भव्य स्वागत किया इस पुनीत अवसर पर संरक्षक सुरेश झारिया, रामसेवक झारिया, सुखदेव झारिया, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन झारिया,रमेश नोखे झारिया, मुन्ना झारिया, शिक्षक रामकुमार झारिया, शिक्षक संतोष झारिया, दुर्गा झारिया,एड अजय भूरा झारिया, अशोक झारिया,डुमारी झारिया,लोकमन झारिया,छुट्टू झारिया,दिलीप झारिया,नरेश झारिया,होती झारिया, धर्मेन्द्र झारिया, आभास झारिया,बबलू झारिया, योगेश झारिया, मुकेश बाबू, विनोद झारिया,रमन झारिया,शंकर झारिया,देवलाल झारिया, आदि स्वाजातीय बंधु,झारिया समाज बरेला के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आज थाने के सामने होगा फांगो का जंगी मुकाबला

**बरेला।** नगर में थाने के सामने स्थित रामलीला रंगमंच में बुधवार को श्रमजीवी पत्रकार संगठन की नगर इकाई के नेतृत्व में आज फागों का आयोजन किया गया है। फागों में महाकवि राम बर्मन और महिला कवित्री राधा मल्लाह के बीच मुकाबला आयोजित किया गया है। आयोजन में मुख्य अतिथि दिनेश प्रीत प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सर्व यूनियन जिला अध्यक्ष अरविंद तिवारी,तहसीलदार शशांक दुबे, थाना प्रभारी आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर की उपस्थिति में किया जाएगा। आयोजन समिति के आशीष शुक्ला, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश सोनी, अमित शुक्ला, रजनीश माझी, रितेश श्रीवास,मयंक जैन, विमल विश्वकर्मा, संजय तिवारी, नितेश उपाध्याय ने सभी लोगों से उपस्थित की अपील की है।

# डॉ अंबेडकर की जयंती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

## युवा मंच ने निकाली वाहन रैली

**सिहोरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वाहन रैली,हितग्राही सम्मेलन,संगोष्ठी के साथ नगर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### अम्बेडकर युवा मंच ने निकाली वाहन रैली

जयंती पर बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर युवा मंच के द्वारा बाबाशाला कटरा मोहल्ला से सायं 4 बजे तिपहिया दुपहिया वाहनों में नीले झंडा लगाकर जय भीम के नारे लगाते हुए वाहन रैली निकाली गई जो,गढ़िया मोहल्ला, झंडाबाजार, काल भैरव चौक,मैना कुंआ से होकर बाबाताल,खितौला मोड़ से पहरेवा,कृषि उपज मण्डी मार्ग से होते हुए खितौला बाजार,रेल्वे फाटक,खितौला बस स्टेंड,खम्परिया तिराहा से होकर निकली समापन पुराने बस स्टेण्ड में हुआ जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ केक काटकर डॉ अंबेडकर का जन्मदिन मनाया गया।



जयंती पर निकली वाहन रैली

### रैली का जगह जगह स्वागत

का रुकमणी पैलेस, झंडा बाजार,मैना कुआं,बाबाताल, रेलवे फाटक के पास में भव्य स्वागत किया गया पुराने बस स्टेंड में मुस्लिम समाज सहित अनेक लोगों ने स्टाल लगाकर खाद्य सामग्री वितरित की समापन पर भव्य आतिशबाजी भी गई।



# परशुराम प्रगटोत्सव पर निकलेगी वाहन रैली

## बाबाताल में संयुक्त ब्राह्मण समाज की बैठक में हुआ निर्णय

**सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर भव्य एंव विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी उक्ताशय का निर्णय शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा की बैठक में लिया गया। विदित हो विगत अनेक वर्षों से सिहोरा खितौला के समस्त विप्रजनों द्वारा मिलकर वाहन रैली निकाली जाती है तथा समापन स्थल पर भंडारे के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परम पूज्य संत आकर्षक महाराज के सानिध्य में रैली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।बैठक में सभी विप्रो ने उपस्थित होकर रैली को भव्य बनाने अपने अपने सुझाव दिए। वाहन रैली रविवार 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे नृसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक,खितौला बाजार, पेट्रोल पंप तिराहा से होकर बाबाताल,हरदौल मंदिर,मैना कुआं, सरावगी मोहल्ला, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक,गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर शिव मंदिर बाबाताल में समापन होगा। संयुक्त ब्राह्मण समाज ने सभी विप्रजनों से वाहन रैली में उपस्थिति की अपील की है।

## स्थानीय खेल समाचार



# जबलपुर की बेटियों ने जीता कांस्य, रीवा को 11-06 से हराया

**जबलपुर।** जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर बेसबॉल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में जबलपुर की टीम ने रीवा को 11-06 रनों से हराकर जीत दर्ज की।जिला बेसबॉल संघ के सचिव विनोद ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान जबलपुर की टीम ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। लीग मैचों में टीम ने टीकमगढ़ को 16-12 से, शाजापुर और खरगोन को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में जबलपुर ने रोमांचक मुकाबले में छतरपुर को 14-13 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में मेजबान इंदौर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के प्रदर्शन में इंद्रा, चांदनी, आकांक्षा, नैंसी और अंकिता का विशेष योगदान रहा। कोच दीपक पटेल, जयराज बर्मन, तनु तथा मैनेजर गीतांजलि चौधरी के मार्गदर्शन में टीम ने यह उपलब्धि हासिल की।

# भारतीय हॉकी सब-जूनियर कोचिंग कैंप के लिए मध्यप्रदेश के 11 खिलाड़ी चयनित





**जबलपुर।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2026 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश के 6 पुरुष एवं 5 महिला खिलाड़ियों का चयन भारतीय हॉकी सब-जूनियर कोचिंग कैंप के लिए किया गया है।हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर के अनुसार, इस प्रशिक्षण शिविर से चयनित खिलाड़ी आगे चलकर जापान में आयोजित होने वाली पुरुष एवं महिला सब-जूनियर एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।पुरुष वर्ग चयनित खिलाड़ी: आयुष रजक, अंश बहुतरा, करन गोतम, गाजी खान, सिद्धार्थ बेन, अवि मानिकपुरी। महिला वर्ग चयनित खिलाड़ी: महक परिहार, नम्मी गीताश्री, नौशीन नाज, स्नेहा धावले, शालिनी सिंह। यह कोचिंग कैंप 19 अप्रैल से भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह सहित उपाध्यक्ष विजय वर्मा, डी.एल. गौर, कोषाध्यक्ष ललित नायक, सह सचिव जगेंद्र तोमर, और हॉकी मध्यप्रदेश से जुड़े पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नेहा दीदी किन्नर बनीं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मझौली की उपाध्यक्ष



**मझौली।** शनि मंदिर मझौली में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार, मुन्नू सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नेहा दीदी किन्नर को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मझौली का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि नहीं रहे



**जबलपुर।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी मोहन शशि का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन से साहित्यिक सांस्कृतिक और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 70 से 80 के दशक में पत्रकारिता के स्वर्ण युग में मोहन शशि का नाम अमिट रहेगा. उन्होंने शहर के दो प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 80 के दशक में जब छात्र राजनीति चरम पर थी उस दौर में शशि में युवा तरुणाई को एक नई दिशा देने का काम किया. सहित्यिक सांस्कृतिक और कला गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये उन्होंने मिलन संस्था की स्थापना कर सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका निभाई और कलाकारों को मंच देने का काम किया। निष्पक्ष निर्भीक और ईमानदार पत्रकारिता के एक युग का शशि जी के साथ अवसान हो गया. उनकी लेखनी में धार के साथ-साथ समाज के प्रति गहरी संवेदना भी झलकती थी। उनकी अंतिम संस्कार मंगलवार को रानीताल मुक्तिधाम में किया गया, शशि जी को अंतिम विदाई देने के लिये साहित्य राजनीतिक और पत्रकारिता जगत के लोग मौजूद रहे. सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।




**श्री राम सिंह-** शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री राम सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आराध्या जैन-** हनुमानताल बड़े जैन मंदिर के पास निवासी श्री विवेक जैन की पुत्री कु. आराध्या (11) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री कालीचरण शर्मा-** गुप्तेश्वर शक्तिनगर जैन मंदिर के पास निवासी श्री कालीचरण शर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हेमंत कुमार कर्सेल-** खलासी लाइन छोटी गोमती निवासी श्री हेमंत कुमार कर्सेल (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लवली गोस्वामी-** चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री एसके गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती लवली गोस्वामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र सिंह परिहार-** सेठ गोविंददास वार्ड छोटी संतोषी माता के पास निवासी श्री राजेंद्र सिंह परिहार (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई वर्षे-** हैलटगंज सदर निवासी श्री नारायण दास वर्षे की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई वर्षे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ब्रजेश वर्मा-** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री ब्रजेश वर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती जानकी बाई यादव-** रामनगर रामपुर निवासी श्री मिट्ठू लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई यादव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अश्विनी भाटिया-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री अश्विनी भाटिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती देवकी चौधरी-** गली नंबर 1, बादशाह हलवाई मोड गौरीघाट रोड निवासी श्री अल्लू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश कुमार खत्री-** सदर मेन रोड निवासी श्री सुरेश कुमार खत्री (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन लाल-** चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री किशन लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री राम नारायण (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन सिंह-** भीम नगर पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री लखन सिंह (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पन्ना लाल रैकवार -** नयागांव रामपुर निवासी श्री पन्ना लाल रैकवार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रिंकू प्रसाद वाल्मीक-** चेतना मैदान के पास बिलहरी निवासी श्री रमेश कुमार वाल्मीक के पुत्र श्री रिंकू प्रसाद वाल्मीक (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजू-** त्रिवेणी कॉलोनी पोलीपाथर निवासी श्री चंद्रशेखर की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम कुमारी नामदेव-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री गौरी शंकर नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती राम कुमारी नामदेव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा श्रीवास्तव-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री डीके श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आशा श्रीवास्तव का (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्वरूपा झरिया-** कोष्टा मोहल्ला गंगासागर रोड निवासी श्री दीपक कुमार झरिया की धर्मपत्नी श्रीमती स्वरूपा झरिया (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## गर्भवती महिलाओं और बीमारों को खटिया से ले जाना पड़ रहा कार्रवाई नहीं हुई तो आमरण अनशन की चेतावनी

# दबंगों ने सड़क खोदकर बंद किया रास्ता, 200 से ज्यादा किसान परेशान



फतेह सिंह

**हरिभूमि, जबलपुर।** ग्राम पंचायत मांदा में दबंगों की मनमानी के चलते किसानों का जीवन मुश्किल हो गया है। गांव के ही कुछ लोगों ने कच्ची सड़क को खोदकर नाले में बदल दिया, जिससे करीब 200 से ज्यादा किसानों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि गांव में एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही है। किसानों के अनुसार, सड़क खुद जाने से गर्भवती महिलाओं और बीमारों को खटिया के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ रहा है। वहीं छोटे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि रास्ता बंद होने से वे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

### विरोध करने पर मारपीट, थाने से भी लौटाया

*ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इस मामले का विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ित जब शिकायत दर्ज कराने थाना पाटन पहुंचे, तो वहां से भी उन्हें धमकाकर भगा दिया गया।*



### अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

किसानों ने पाटन तहसीलदार, पटवारी और टीआई पर आरोप लगाया है कि उनकी मिलीभगत से ही शासकीय जमीन पर जेसीबी से खुदाई कर रास्ता बंद किया गया।

### इन पर किसानों ने लगाए आरोप

शासकीय रास्ते पर खुदाई कर नाले का निर्माण करने वाले गांव के ही नंदन यादव, जयभान यादव और चंदन यादव पर किसानों ने दबंगई करने के आरोप लगाए हैं हालाकि किसानों ने यह भी कहा कि नंदन यादव, जयभान यादव और चंदन यादव का शासकीय रास्ते से लगी जमीन है और उन्होंने पाटन तहसीलदार से खुदाई का ऑर्डर ले कर पूरे रास्ते को खोद डाला है।

### आमरण अनशन करने की किसानों ने दी चेतावनी

ग्राम पंचायत मांदा के किसानों ने जिला प्रशासन से मांग करी है कि जिन लोगों ने हमारे आने जाने का रास्ता बंद किया है उस रास्ते को जल्द दबंगों के कब्जे से मुक्त करवा कर हम सभी को राहत पहुंचाई जाये अन्यथा हम सभी किसान उसी स्थल पर आमरण अनशन करने बाध्य होंगे।

### फसल मंडियों तक नहीं ले जा पा रहे



हम दो सौ से ज्यादा किसान अपनी कई पीढ़ियों से यहां पर रह रहे है लेकिन ऐसा पहली बार हुआ कि गांव के दबंगों ने हमारे घर तक का रास्ता ही बंद कर दिया है जिस वजह से हम अपनी फसल मंडियों तक नहीं ले जा पा रहे हैं और हम सभी अपने अपने घरों में ही कैद होने के लिए मजबूर हो रहे है।

**राधे श्याम कुशवाहा**
स्थानीय किसान

### मुझे जानकारी नहीं है



ईधर ग्राम पंचायत मांदा के सरपंच गोलू यादव का कहना है कि इस शासकीय जमीन पर जो नाले के लिए जेसीबी से खुदाई की गई है और उसकी वजह से जो रास्ता बंद हुआ है उसकी जानकारी मुझे नहीं है और जिसने भी यह कार्य किया है उंसके खिलाफ हम इस जमीन का पंचनामा तैयार कर कलेक्टर को भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**गोलू यादव**, सरपंच ग्राम पंचायत मांदा







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240